# दिनांक 12.02.2021 को उपायुक्त, धनबाद की अध्यक्षता में आयोजित जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के प्रबंधकीय समिति के बैठक की कार्यवाही :–

दिनांक 12.02.2021 को उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, धनबाद की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के प्रबंधकीय समिति के बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें निम्नांकित पदाधिकारियों ने भाग लिया :–

i. उप विकास आयुक्त–सह–सचिव, DMFT, धनबाद।
ii. वन प्रमण्डल पदाधिकारी, धनबाद।
iii. जिला योजना पदाधिकारी–सह–नोडल पदाधिकारी, DMFT, धनबाद।
iv. असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, धनबाद।
v. वरीय पुलिस अधीक्षक, धनबाद के प्रतिनिधि पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय–II), धनबाद।
vi. जिला खनन पदाधिकारी, धनबाद।
vii. जिला पंचायती राज पदाधिकारी, धनबाद।
viii. जिला शिक्षा पदाधिकारी, धनबाद।
ix. जिला शिक्षा अधीक्षक, धनबाद।
x. श्री नितिन कुमार, Team Leader एवं PMU (DMFT), धनबाद के सभी सदस्य।

2. सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित सभी सदस्य एवं पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, धनबाद अवगत कराया गया कि दिनांक 01.02.20221 को VISION PLAN HEATH & EDUCATION - 2023 का लोकार्पण–सह–कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिससे आप सभी भलीभाँति अवगत है। **असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, धनबाद के पत्रांक–261 दिनांक 05.02.2021** के द्वारा दिनांक 01.02.2021 को आयोजित लोकार्पण–सह–कार्यशाला के आयोजन एवं विभिन्न Stakeholders से परामर्श के उपरांत तैयार किये गये VISION PLAN HEALTH-2023 एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी धनबाद के पत्रांक–342 दिनांक 04.02.2021 के द्वारा VISION PLAN EDUCATION - 2023 का Document प्राप्त हुआ है जिसपर धनबाद जिला के विभिन्न प्रखण्डों के अन्तर्गत संबंधित ग्राम सभा से पारित होने के शर्तों के साथ प्रबंधकीय समिति का अनुमोदन अपेक्षित है।

3. <u>VISION PLAN HEALTH-2023</u> :– उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, धनबाद के निर्देशानुसार असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, धनबाद के द्वारा **VISION PLAN HEALTH -2023** के संबंध में बताया गया कि इस **PLAN** के तहत सदर अस्पताल, धनबाद के साथ–साथ प्रत्येक प्रखण्ड के CHC अस्पताल को सुविधायुक्त Super Specialist अस्पताल के रूप में विकसित करने की कार्य योजना तैयार की गई है जहां निजी अस्पतालों की भाँति 24x7 घंटे सेवा आमजनों को उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अस्पतालों में स्वास्थ्य संबंधी Infrastructure Upgradation के साथ–साथ आवश्यकतानुसार संविदा आधारित चिकित्सा पदाधिकारी एवं चिकित्सा कर्मियों के नियुक्ति किये जाने का प्रावधान सन्निहित है। इन योजनाओं का कार्यान्वयन विभिन्न चरणों में किये जाने का प्रस्ताव है।

<u>निर्णय</u> :– सम्यक विचारोपरांत असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, धनबाद के पत्रांक–261 दिनांक 05.02.2021 के द्वारा समर्पित **VISION PLAN HEALTH-2023** को सर्वसम्मति से संबंधित ग्राम सभा से अनुमोदन होने के शर्तों के साथ District Mineral Fund के

अन्तर्गत जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के प्रबंधकीय समिति के द्वारा पारित करने का निर्णय लिया गया। संबंधित VISION PLAN HEALTH-2023 इस कार्यवाही के साथ Annexure-I के रूप मे संलग्न है।

4. **VISION PLAN EDUCATION-2023** :– उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, धनबाद के निर्देशानुसार जिला शिक्षा पदाधिकारी, धनबाद के द्वारा VISION PLAN EDUCATION -2023 के संबंध में बताया गया कि इस PLAN के तहत धनबाद जिला के 256 पंचायतों के कुल 262 स्कूल को लीडर स्कूल के रूप में चिन्हित किया गया है जिसमें Vision Plan Education- 2023 के तहत उक्त विधालयों में अध्यनरत छात्र/छात्राओं को गुणात्मक शिक्षा प्रदान कराने के लिए इन विद्यालयों में Infrastructure Upgradation के साथ–साथ शिक्षकों के Capacity Building किये जाने का प्रस्ताव सामिल किया गया है।

**निर्णय** :– सम्यक विचारोपरांत जिला शिक्षा पदाधिकारी, धनबाद के पत्रांक–261 दिनांक 05.02.2021 के द्वारा समर्पित VISION PLAN EDUCATION-2023 को सर्वसम्मति से संबंधित ग्राम सभा से अनुमोदन होने के शर्तों के साथ District Mineral Fund के अन्तर्गत जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के प्रबंधकीय समिति के द्वारा पारित करने का निर्णय लिया गया। संबंधित VISION PLAN HEALTH-2023 इस कार्यवाही के साथ Annexure-II के रूप में संलग्न है।

5. **अन्यान्य** :– उपायुक्त–सह–अध्यक्ष जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के अनुमति पर निम्न प्रस्ताव समिति के समक्ष विचारार्थ रखा गया :–

(i) **COVID-19 काल में विभिन्न स्थानों में पण्डाल, बैरिकेडिंग, टेबल–कुसी एवं अन्य सामग्रियों की आपूर्ति/अधिष्ठापन हेतु प्राप्त विपत्र के भुगतान संबंधी प्रस्ताव** :–

COVID-19 काल में विभिन्न राज्यों से धनबाद जिला में आये प्रवासी मजदूरों/छात्रों तथा स्थानीय आमजनों की सुविधा व्यवस्था हेतु विभिन्न स्थानों में पण्डाल, बैरिकेडिंग, टेबल–कुर्सी एवं अन्य सामग्रियों की आपूर्ति/अधिष्ठापन का कार्य हेतु जिला नजारत उप समाहर्त्ता, धनबाद के माध्यम से अमर डेकोरेटर, धनबाद का निम्नवत विपत्र भुगतान हेतु प्राप्त हुआ है:–

| क्रमांक | जिला नजारत उप समाहर्त्ता, धनबाद का पत्रांक/दिनांक | विपत्रों की सं0 | विपत्रों की सं0 में सन्निहित राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पत्रांक 38<br>दिनांक 27.01.2021 | 09 | 47,52,500.00 | घटनोत्तर स्वीकृति हेतु प्रस्ताव |
| 2 | पत्रांक 41<br>दिनांक 02.02.2021 | 11 | 72,48,490.00 | |
| कुल (एक करोड़ बीस लाख नौ सौ) नब्बे) | | | 1,20,00,990.00 | |

**निर्णय** :– सचिव, खान मंत्रालय भारत सरकार के पत्र सं0–DO No-7/2/2020-MIV दिनांक 28.03.2020 के आलोक में District Miniral Fund के अन्तर्गत उपलब्ध राशि की 30% अधिसीमा के अन्तर्गत कोविड–19 से संबंधित कार्यों के लिये व्यय किये जाने की अनुमान्यता के परिपेक्ष्य में कोविड–19 महामारी के दौरान कोविड चेकअप एवं विभिन्न राज्यों से धनबाद जिला में आये प्रवासी मजदूरों/छात्रों तथा स्थानीय आमजनों की सुविधा व्यवस्था हेतु विभिन्न स्थलों यथा–गोल्फ ग्राउण्ड, रेलवे स्टेशन, पी0एम0सी0एच0 एवं सदर हॉस्पीटल में पण्डाल, बैरिकेडिंग, टेबल–कुर्सी एवं अन्य सामग्रियों की आपूर्ति/अधिष्ठापन से संबंधित किये गये आकस्मिक कार्यों के लिये व्यय की जाने वाली राशि का वहन District Miniral Fund के अन्तर्गत प्रशासनिक व्यय हेतु कर्णांकित/उपलब्ध राशि से करने का निर्णय लिया गया।

(ii) <u>वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए Annual Plan तैयार करने हेतु प्रस्ताव</u> :– समिति को अवगत कराया गया कि खान एवं भूतत्व विभाग के पत्रांक 169 दिनांक 29.01.2021 के द्वारा DMFT की निधि से सशर्त्त योजना स्वीकृत कर कार्यान्वयन हेतु अनुमति प्रदान किया गया है। इस संबंध में Team Leader PMU (DMFT) को वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए Annual Plan तैयार करने का निदेश दिया गया जिसमें मुख्य रूप से Livelihood, Agriculture एवं Nutrition प्रक्षेत्र को निश्चित रूप से सम्मिलित करने का भी निदेश दिया गया।

(iii) वित्तीय वर्ष 2020–21 का Annual Audit हेतु कार्यादेश निर्गत करने प्रस्ताव :–

समिति को बताया गया कि विभागीय निदेश के आलोक में ससमय Annual Audit कराकर विभाग को प्रतिवेदन भेजा जाना है। इस संदर्भ में समिति को यह भी अवगत कराया गया कि COVID-19 के कारण वित्तीय वर्ष 2020–21 में किसी भी नई योजनाओं पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान नहीं किया गया है। पूर्व में स्वीकृत योजनाओं के कार्यान्वन के लिए ही राशि विमुक्त किया गया है।

<u>निर्णय</u> :– इस संबंध में पूर्व निर्धारित दर पर पूर्व एजेन्सी मेसर्स KASG & Co. 2nd floor Shree laxmi Shastri Nagar Dhanbad से ही वित्तीय वर्ष 2020–21 का अंकेक्षण कराने का निर्णय लिया गया तथा जिसके लिये संबंधित एजेन्सी से सहमति पत्र प्राप्त कर कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।

अंत में सधन्यवाद उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, धनबाद के द्वारा बैठक के कार्यवाही समाप्ति की घोषणा की गई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19.2.2021 | 19/2/21 | 19.2.2021 | 19/02/21 |
| जिला खनन पदा0 धनबाद | जिला पंचायती राज पदा0 धनबाद | सिविल सर्जन, धनबाद | जिला योजना पदाधिकारी –सह–नोडल पदा0, DMFT, धनबाद |
| 19-2-21 | | 19/2/2021 | 19/02/21 |
| वन प्रमण्डल पदा0, धनबाद | उप विकास आयुक्त, धनबाद | वरीय पुलिस अधीक्षक, धनबाद | उपायुक्त, धनबाद। |

ज्ञापांक 30 /DMFT धनबाद, दिनांक 20.2.2021

प्रतिलिपि :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट के प्रबंधकीय समिति के सभी पदाधिकारियों / सभी संबंधितों को सूचनार्थ एवं आवशयक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/02/21

उपायुक्त, धनबाद।